***जनपद – संतकबीरनगर*                    *प्रेस विज्ञप्ति*                    *दिनॉक 15.11.2023***

आज दिनांक 15.11.2023 को अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन, गोरखपुर ***श्री अखिल कुमार*** पुलिस महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र, बस्ती ***श्री आर0के0 भारद्वाज*** के निर्देशन, पुलिस अधीक्षक जनपद संतकबीरनगर ***श्री सत्यजीत गुप्ता*** के मार्गदर्शन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में संतकबीरनगर पुलिस द्वारा किये गये सराहनीय कार्य–

## *फरार चल रहे वारंटी अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत 01 नफर वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार*

पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर ***श्री सत्यजीत गुप्ता*** के निर्देशन में जनपद में वांछितों व न्यायालय में हाजिर न होने वाले अभियुक्तों के खिलाफ जारी गैर जमानतीय वारण्ट के तहत फरार चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी के क्रम में ***थाना बखिरा पुलिस*** द्वारा **01** नफर वारण्टी अभियुक्त नाम पता नूरमोहम्मद पुत्र साहुल चौधरी निवासी परसामाफी थाना बखिरा जनपद संतकबीरनगर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

***गिरफ्तार करने वाले पुलिस बल का विवरणः-*** उ0नि0 श्री रमेश यादव , कां0 चन्दन यादव।

## *पीआरवी आफ द डे*

***पीआरवी 2547 द्वारा दो पक्षों के विवाद को कराया गया शांत व विवाद में घायल 03 व्यक्तियों को भेजवाया गया अस्पताल–*** पीआरवी 2547 को थाना बखिरा क्षेत्रांतर्गत झुंगिया से इवेन्ट संख्या 18383 से कालर द्वारा किसी बात को लेकर दो पक्षों में विवाद / मारपीट होने से 03 व्यक्तियों (**1- संतवली पुत्र भागीरथी, 2- सुनील पुत्र बिकाउ राम, 3-रामचन्द्र पुत्र भागीरथी निवासीगण झुंगिया थाना बखिरा जनपद संतकबीरनगर**) के घायल होने के संबंध में सूचना दिया गया, सूचना मिलते ही पीआरवी कर्मियों द्वारा घटनास्थल पर समय से पहुंचकर विवाद को शांत कराकर विवादम में घायल व्यक्तियों को एंबुलेंश की सहायता से सीएचसी मेहदावल भेजवाया गया साथ ही घटना के सम्बन्ध में थाना बखिरा को अवगत कराया गया। पीआरवी कर्मियों की सतर्कता एवं सूझबूझ से घटना स्थल पर समय से पहुंचकर विवाद को शांत कराकर विवाद में घायल व्यक्तियों को अस्पताल भेजवाकर उनकी जान बचाई गई, जिसकी स्थानीय व्यक्तियों द्वारा सराहना की गई।

**पीआरवी स्टाफ** –मु0आ0 विनोद भाष्कर, आ0 मुख्तार यादव, हो0चा0 अवधेश त्रिपाठी।

## *शान्ति भंग (151/107/116 सीआरपीसी) में 11 अभियुक्त गिरफ्तार*

- **थाना दुधारा पुलिस द्वारा** 151 / 107 / 116 सीआरपीसी मे 04 अभियुक्त गिरफ्तार किया गया।
- **थाना महुली पुलिस द्वारा** 151 / 107 / 116 सीआरपीसी मे 02 अभियुक्त गिरफ्तार किया गया।
- **थाना बखिरा पुलिस द्वारा** 151 / 107 / 116 सीआरपीसी मे 04 अभियुक्त गिरफ्तार किया गया।
- **थाना मेहदावल पुलिस द्वारा** 151 / 107 / 116 सीआरपीसी मे 01 अभियुक्त गिरफ्तार किया गया।

## *मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत 151 वाहनों से 1,81,500 रु0 सम्मन शुल्क का चालान किया गया*

आज दिनांक 15.11.2023 को जनपद संतकबीरनगर के सभी थाना क्षेत्रो मे बैंक / वाहन / संदिग्ध व्यक्तियो की चेकिंग के दौरान समस्त प्रभारी निरीक्षक / थानाध्यक्ष / प्रभारी यातायात द्वारा मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्यवाही करते हुए 151 वाहनों से 1,81,500 रु0 सम्मन शुल्क का चालान किया।